संख्या-38/2020/ 512/71-3-2020-एनएम-11/2019टीसी

प्रेषक,

डॉ0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनॉक 02 जून, 2020

विषयः- स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या, बस्ती, बहराईच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर में एनेस्थीसियोलॉजी एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग में आचार्य के 01-01 पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई-1/2020/01, दिनांक 01-01-2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या, बस्ती, बहराईच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर के एनेस्थीसियोलॉजी एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग में आचार्य के 01-01 (प्रत्येक स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय हेतु) पदों अर्थात् कुल 10 पदों को संलग्न तालिका में उल्लिखित पदों, को अस्थायी रूप से दिनांक 28-02-2021 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाए, निम्नांकित शर्तों के अधीन सृजित किए जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1. उक्त पदों पर भर्ती एम0सी0आई0 मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप किया जायेगा।
2. पदों के पदनाम, वेतनमान आदि का निर्धारण राजकीय मेडिकल कालेजों में प्रश्नगत पदों के पदनाम, वेतनमान आदि के सम्बन्ध में, जो व्यवस्था दी गयी है, के अनुसार ही रखा जाए।
3. उक्त के अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
4. सृजित किये जा रहे पदों के सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर विज्ञप्ति प्रकाशित कर भर्ती सम्बन्धी कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाएगी।

2- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा- के सुसंगत वित्तीय मदों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-506/दस-2020, दिनॉक 02 जून, 2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

(डॉ0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-38/2020/512(1)/71-3-2020 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
4. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
5. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या/बस्ती/बहराइच/फिरोजाबाद/शाहजहॉपुर।
6. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या/बस्ती/बहराइच/फिरोजाबाद/शाहजहॉपुर।
7. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. नियोजन-अनुभाग-4
10. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय- नियंत्रण) अनुभाग-3
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanades .up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**शासनादेश संख्या-38 /2020/512(1)/71-3-2020-** एनएम-11/2019टीसी, **दिनांक 02 जून, 2020 का संलग्नक।**

| क्र0 सं0 | मेडिकल कालेज का नाम | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | सादृश्य वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार वेतन मैट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या। | एनेस्थीसियालॉजी विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | रेडियोडायग्नोसिस विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| 2 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती। | एनेस्थीसियालॉजी विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | रेडियोडायग्नोसिस विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| 3 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच। | एनेस्थीसियालॉजी विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | रेडियोडायग्नोसिस विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| 4 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद। | एनेस्थीसियालॉजी विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | रेडियोडायग्नोसिस विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| 5 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहॉपुर। | एनेस्थीसियालॉजी विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | रेडियोडायग्नोसिस विभाग | आचार्य | 01 | लेवल-14, 144200/- |
| | | | योग | 10 | |

( अनिल कुमार )
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।